# उद्योगों के लिए ई-ऑक्शन से प्लाट पाने की राह हुई आसान

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में ई-ऑक्शन प्रणाली के प्रयोग से निवेशकों को उद्योगों के लिए जमीन आसानी से मिलनी शुरू हो गई है। यूपी औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने पिछले एक वर्ष में दोगुने से अधिक प्लाटों के आवंटन में सफलता हासिल की है।

प्रदेश में निवेशकों को उद्योग लगाने के लिए औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में भूमि की व्यवस्था अब तक बड़ी चुनौतियों में शामिल रही है। प्रदेश सरकार ने कारोबारी सहूलियतों के लिए कई कदम उठाए। पर, जमीन मिलने में दौड़धूप और परेशानी की समस्या खत्म नहीं हो पा रही थी। पिछले वर्ष यूपीसीडा ने ई-ऑक्शन के जरिए प्लाटों के आवंटन की नई व्यवस्था शुरू की। इसके बेहतर नतीजे सामने आए हैं।

यूपीसीडा ने मौजूदा सरकार के सत्ता में आने के पहले वर्ष में कुल 191 प्लाट आवंटित किए। दूसरे वर्ष यह संख्या 183 पर सिमट गई। तीसरे वर्ष इसमें वृद्धि हुई लेकिन 220 तक सीमित रही। पर, बीते वित्तीय वर्ष में ई-ऑक्शन के जरिए प्लाट आवंटन की पहल को पूरी गति से आगे बढ़ाया गया। इसका नतीजा ये हुआ कि 2020-21 में यूपीसीडा निवेशकों को 445 प्लाट आवंटित करने में सफल रहा। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यह उपलब्धि इसलिए खास रही क्योंकि कोविड-19 महामारी जैसी विपरीत परिस्थिति में भी निवेशकों ने प्रदेश में निवेश के प्रयासों को आगे बढ़ाया।



## यूपीसीडा ने पिछले वर्ष की अपेक्षा दोगुने से अधिक आवंटित किए प्लाट

## तीन वर्ष तक उम्मीद के हिसाब से नहीं बनी बात

### यूपीसीडा ने इस तरह आवंटित किए प्लाट

| | |
|---|---|
| 2017-18 | 191 |
| 2018-19 | 183 |
| 2019-20 | 220 |
| 2020-21 | 445 |

## अब प्लास्टिक सिटी में प्लाट आवंटन की तैयारी

यूपीसीडा प्लास्टिक सिटी दिबियापुर औरैया में निवेशकों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर फोकस करने जा रहा है। सीईओ यूपीसीडा मयूर माहेश्वरी ने प्लास्टिक सेक्टर के निवेशकों को निवेश के लिए सिटी में प्लाट के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि प्लाट निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।